कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं.1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 500 009.
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS.
NO.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD - 500 009.
दूरभाष/Telephone : 040-27843385 फैक्स / Fax: 040-27817275

# परिपत्र

सं. प्रशा/II/5511/छुट्टी/2015

दिनांक : 09.01.2015

सेवा में

1. प्रभारी अधिकारी ( सभी अधीनस्थ कार्यालय - मानक सूची के अनुसार)

2. प्रभारी अधिकारी (मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग)

विषय : विशेष प्रकार की छुट्टियों के आवेदनों के प्रेषण के संबंध में ।

*****

हाल के दिनों में यह देखा गया है कि अधिकारी और कर्मचारी विशेष प्रकार की छुट्टियों जैसे संतान देखभाल छुट्टी, पितृत्व छुट्टी, विशेष आकस्मिक छुट्टी के लिए आवेदन उपयुक्त प्राधिकारी की सिफारिशें प्राप्त किये बिना ही सीधे प्रशा/II अनुभाग में दे रहे हैं । भविष्य में सिफारिशों के बिना सीधे प्राप्त किए गए आवेदनों को बिना किसी कार्रवाई के वापस भेज दिया जाएगा ।

यह भी देखा गया है कि आवेदनों को बिल्कुल अंतिम समय में (अर्थात् छुट्टी के प्रारंभ से ठीक पहले) प्रस्तुत किया जा रहा है । विशेष प्रकार की छुट्टियों जैसे संतान देखभाल छुट्टी, पितृत्व छुट्टी, विशेष आकस्मिक छुट्टी के लिए आवेदन उचित माध्यम से, उपयुक्त प्राधिकरियों को विचार करने हेतु पर्याप्त समय देते हुए, समय-पूर्व प्रस्तुत किया जाए ।

इस परिपत्र के अंशों को सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के अनुपालन हेतु उनके ध्यान में लाया जाए ।

बाल जवाहर

(बी. बाल जवाहर)
रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक (प्रशा)